तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

12 साहू समाज ने धूमधाम से मनाई माता कर्मा की जयंती...



11 अपने जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान के लिए एक घंटा ...





## खबर संक्षेप

### बाइक को अज्ञात वाहन ने ठोंका, युवक घायल

**बालोद।** ग्राम तालगांव नर्सरी के समीप अज्ञात चारपहिया वाहन की ठोकर से ग्राम कोडेवा निवासी टोमेश कुमार पिता हेमलाल साहू 36वर्ष घायल हो गए। उन्हें संजीवनी 108 की सहायता से जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार टोमेश कुमार निजी यात्री बस के वाहन चालक हैं, जो मंगलवार की दोपहर निर्धारित स्टॉपेज पर बस खड़ी कर घोटिया की ओर से अपने गृहग्राम कोड़ेवा मोटरसायकल से जा रहे थे। उसी दौरान बालोद से घोटिया की ओर जा रहे अज्ञात चारपहिया वाहन के चालक तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसायकल को ठोकर मारकर फरार हो गया।

### सिकोसा में जस झांकी व फाग प्रतियोगिता कल से

**बालोद/सिकोसा।** आदर्श ग्राम सिकोसा में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय भव्य जस झांकी एवं फाग प्रतियोगिता का आयोजन श्रीराधा कृष्णा मानस एवं सौभाग्य युवा मंच द्वारा 29 एवं 30 मार्च को रखा गया है। उक्त जानकारी अध्यक्ष चेन सिंह पटेल, उपाध्यक्ष गणेश, सचिव दीपेश चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष चंद्रिका चंद्राकर ने दी।

### रेलवे ट्रैक पर कुत्ते के पैरों को बांधकर फेंका

**भिलाई।** कुत्ते का पैर बांधकर रेलवे ट्रैक पर फेकने का मामला सामने आया है। घटना खुर्सीपार क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 22 मार्च को कुछ अज्ञात लोगों ने बेजुबान कुत्ते को पकड़कर उसके पैर को रस्सी से बांध कर रेलवे ट्रैक की ओर लेकर गए। जहां कुत्ते को ट्रैक के बीच में सुला दिया। जैसे ही वहां से ट्रेन गुजरी कुत्ता दो टुकड़ों में कट गया। पीपुल्स फॉर एनिमल को जैसे ही जानकारी हुई उनके सदस्य रेलवे ट्रैक में पहुंचे। कुत्ते की बॉडी को बोरे भरकर थाने पहुंचे। अज्ञात के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है।

### गार्डन से बाइक पार

**भिलाई।** गार्डन में खड़ी बाइक को अज्ञात ने पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पाण्डुका खैरागढ़ निवासी अजय वर्मा चन्दुलाल चन्द्राकर मेडिकल कालेज कचांदुर से एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। 24 मार्च की दोपहर 12.30 बजे अपनी बाइक से दोस्त के साथ सुनीति उद्यान सेक्टर 8 घूमने आया हुआ था। बाइक को गार्डन के बाहर रखकर गार्डन के भीतर प्रवेश किया। गार्डन घूमने के बाद जब वापस लौटे तक उसकी बाइक जगह पर नहीं थी। आसपास खोजबीन करने के बाद शिकायत पुलिस में किया।

### चमकाने के नाम पर तीन लाख के जेवर पार

**भिलाई।** सोना चांदी के जेवरात चमकाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 3(5), 305(ए), 318(4, 332 (सी) के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 36 गंजपारा दुर्ग निवासी रीना खंडेलवाल के यहां 25 मार्च की सुबह अज्ञात दो व्यक्ति पहुंचे और महिला को पाउडर से घर का बर्तन साफ कर चमकाने का झांसा दिया। इस दौरान सोना चांदी भी साफ करने की बात कहते हुए व्यक्तियों ने महिला के कीचन तक प्रवेश किया।उसके बाद महिला को सोने का कंगन साफ करने अज्ञात को दिया गया। अज्ञात ने टिफिन डब्बा में जेवरात को रख कर गैस में गर्म किया जा रहा था। जिसमें सोने का चैन, कंगन दोनो मे छोटा छोटा डायमंड लगा हुआ था। अज्ञात ने टिफिन के भीतर हाथ डालकर जेवरातों को घूमाया।टिफिन के ढक्कन को अज्ञात ने बंद कर महिला को देकर बाहर निकला।

# कन्नेवाड़ा की बेटी यामिनी भैसारे ने साई सेंटर राजनांदगांव में पक्का किया अपना स्थान

## हाकी ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर हासिल की बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम कन्नेवाड़ा की यामिनी भैसारे ने हाकी ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर प्रतिष्ठित भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र राजनंदगांव में अपना स्थान पक्का कर लिया है। जिला से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम कन्नेवाड़ा निवासी यामिनी भैसारे पिता हेमंत भैसारे माता रूपा देवी भैसारे ने खेल के क्षेत्र में एक और शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यामिनी भैसारे की इस सफलता पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, एसपी भगत ने बच्ची के साथ सभी हॉकी संघ के सदस्यों, तथा सभी स्पोर्ट्स क्लब के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। तहसीलदार ने उपहार स्वरूप बच्ची को हॉकी किट भेंट किया। बता दें कि यामिनी भैसारे, जो कि मिडिल स्कूल करहीभदर की छात्रा है। सबरी स्पोर्ट्स क्लब, जिला हॉकी संघ से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थीं। बचपन से ही खेल के प्रति गहरी रुचि है। अपने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है। उनके चयन से परिवार, स्कूल और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जिला हॉकी संघ अध्यक्ष तोमन साहू, शबरी स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्ष मिथलेश तारम, सचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक तोरण सिन्हा, सूर्यकांत सिन्हा, सौरभ शर्मा, दिनेश साहू, तेजेश्वर सिन्हा हॉकी संघ के सदस्यों तथा प्रधान पाठिका उज्जवला पटेल, सरपंच लता सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया।

- कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सहित हॉकी संघ के सदस्यों ने दी बधाई
- तहसीलदार ने उपहार स्वरूप यामिनी को भेंट की हॉकी किट



### यामिनी ने माता-पिता, कोच और शिक्षकों का जताया आभार

अपने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यामिनी भैसारे ने कहा, कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं अपने माता–पिता, कोच और शिक्षकों की आभारी हूँ, जिन्होंने मुझे हर कदम पर सहयोग दिया। शबरी स्पोर्ट्स क्लब तथा जिला हॉकी संघ के मुख्य कोच तोरण सिन्हा विगत 16 वर्षों से बच्चों को हॉकी, हैंडबॉल, वॉलीबॉल एथलेटिक्स खेल तथा पुलिस, आर्मी, एसएससी, बीएसएफ का भी निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद को बनाया गया मूल्यांकन केंद्र

# 10वीं-12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू प्रत्येक शिक्षक रोज जांच रहे 40-40 कॉपियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल गुरुवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में पहुँचकर वहाँ चल रहे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में मूल्यांकन के लिए निर्धारित कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष को उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष अरूण साहू से मूल्यांकन केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन के लिए प्राप्त कुल उत्तर पुस्तिकाओं के संबंध में जानकारी ली।

- कलेक्टर चन्द्रवाल गुरुवार को मूल्यांकन केंद्र का किया अवलोकन

### मूल्यांकन के लिए 294 व्याख्याताओं सहित 300 अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष ने बताया कि मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए मूल्यांकन केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में मूल्यांकनकर्ता के रूप में 294 व्याख्याताओं सहित कुल 300 अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन कार्य छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार 26 मार्च से 14 अप्रैल तक पूर्ण की जाएगी।

### बालोद में 10वीं की 43347 एवं 12वीं की 25290 उत्तर पुस्तिकाएं जांची जाएंगी

मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष अरूण साहू ने बताया कि मूल्यांकन केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मूल्यांकन के लिए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा की कुल 43 हजार 347 एवं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के कुल 25 हजार 290 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के निर्देशानुसार प्रत्येक मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों कक्षाओं की 40–40 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

# पीएम मोदी का 30 को बिलासपुर में कार्यक्रम जिले के भाजपा कार्यकर्ता भी होंगे शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास के मद्देनजर जुंगेरा स्थित जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा कोर ग्रुप, समस्त नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, नवनिर्वाचित जिला जनपद, नगरीय निकाय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यों की बैठक रखी गई।

बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने प्रस्तावना कहा कि 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 2 बजे बिलासपुर संभाग के मोहभट्ठा ग्राउंड बिल्हा में रेल, सड़क, आवास, शिक्षा, ऊर्जा एवं ईंधन क्षेत्र की परिवर्तनकारी परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास एवं भूमि पूजन करेंगे एवं जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से 2 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। प्रधानमंत्री को सुनने जिला बालोद से हजारों कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आम जनता आमसभा में सम्मिलित होंगे, संगठन की ओर से समस्त व्यवस्थाओं को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को मंडल कार्यकारिणी के गठन के संदर्भ में दिशा निर्देश किया। आगामी दिनों जिले भर में प्रचंड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि जीत कर आए, जिनका जिला भाजपा की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन करने की कार्य योजना पर विस्तृत जानकारी दी। चेमन देशमुख ने कहा कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जिले भर में मिले अपार जन आशीर्वाद एवं अपेक्षाओं ▶▶| शेष पेज 10 पर

- जिला भाजपा कार्यालय में तैयारियों को लेकर हुई बैठक

# जब तक मांग पूरी नहीं होगी, जारी रहेगा आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

जनपद पंचायत गुरुर के समस्त पंचायत सचिव की हड़ताल जनपद मुख्यालय में लगातार जारी है। प्रशासन की चेतावनी भी उन्हें डरा नहीं सकी। पंचायत सचिवों की मुख्य मांग शासकीयकरण है।

पंचायत सचिवों ने बताया 7 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में सचिव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को मोदी की गारंटी में शामिल होना बताया था। उस दौरान उन्होंने कहा था कि इसके लिए पृथक से घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है। पंचायत सचिवों के शासकीयकरण हेतु एक समिति का गठन किया गया था। इसकी रिपोर्ट एक महीने में सौंपी जानी थी। अध्यक्ष सचिव पंचायत ग्रामीण विकास विभाग राजेश सिंह राणा को रखा गया था, परंतु 7 महीने व्यतीत हो जाने के बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई है। इससे व्यथित होकर के पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव 17 मार्च से आंदोलन में बैठ गए हैं। सचिवों ने 17 मार्च को रैली के माध्यम से विधानसभा घेराव से आंदोलन की शुरूआत की। दूसरे दिन 18 मार्च से अनवरत आंदोलन में डटे हुए हैं। शासन द्वारा पंचायत सचिवों को आंदोलन से वापस आने के लिए निर्देश जारी किया गया था, इसके विरोध में पूरे प्रदेश स्तर पर शासन के आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पंचायत सचिवों का कहना है कि राज्य सरकार ने चुनाव के पूर्व वादा करते हुए पंचायत सचिवों की मांगों को मोदी की गारंटी में शामिल किया गया है, इसको पूरा करने के लिए ना कोई समय सीमा होनी चाहिए ना ही इसके लिए कोई कमेटी बनाना चाहिए। पंचायत सचिव की मांगों को पूर्ण करने के लिए बहुत ज्यादा वित्तीय भार भी नहीं आएगा।

- पंचायत सचिवों की शासन-प्रशासन को दो टूक

### पंचायत मंत्री से हुई बातचीत विफल

पंचायत सचिवों ने बताया कि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा पांच सदस्यीय समिति का गठन पंचायत सचिवों के संबंध में किए जाने का घोषणा की गई है। पंचायत सचिवों का कहना है पहले कमेटी की रिपोर्ट तो अभी तक आई नहीं है और एक बार फिर एक नई कमेटी का गठन राज्य सरकार द्वारा पंचायत सचिवों को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। इसकी समय सीमा का निर्धारण भी नहीं किया गया है। इस संबंध में 26 मार्च को पंचायत मंत्री विजय शर्मा से संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की, परंतु चर्चा विफल रही। ब्लॉक इकाई गुरुर के अध्यक्ष पन्नालाल सिन्हा ने आगे कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है, हमारा ▶▶| शेष पेज 10 पर

### वर्ष 2023-24 में जिले में 234 जोड़ों का कराया गया विवाह

**बालोद।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने गत सत्र 2023–24 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के आंकड़े जारी किए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि तहत बालोद जिले में वर्ष 2023–24 में कुल 234 जोड़ों का विवाह कराया गया है। नवविवाहित 234 जोड़ों के विवाह में शासन के नियमानुसार प्रति जोड़ा 50 हजार रूपए के मान से कुल 01 करोड़ 16 लाख 85 हजार 32 रूपए का व्यय किया गया है। इसमें से 27 लाख 90 हजार 296 रूपए का व्यय जिला स्तर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में दी जाने वाली विभिन्न सामग्रियों के क्रय के लिए किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि परियोजना बालोद अंतर्गत कुल 16 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है। इसमें कुल 05 लाख 60 हजार रूपए का व्यय किया गया है।

# जामगांव आर में 6 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा रामोत्सव, तैयारियों को लेकर हुई बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

रामनवमी पर 6 अप्रैल रविवार को जामगांव आर में दिव्य रामोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जन कल्याण रामोत्सव समिति द्वारा समरसता भवन जामगांव आर में बुधवार को बैठक रखी गई। बैठक में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, तकनीकी एक्सपर्ट नीरज सिन्हा, छत्तीसगढ़ पिछड़ा अन्य वर्ग अध्यक्ष नेहरू निषाद विशेष रूप से शामिल हुए। वहीं, जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, जनपद अध्यक्ष कीणत नायक, जामगांव आर महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, जनपद सदस्य त्रय प्रणव शर्मा, रवि सिन्हा, रामकुमार चंद्राकर, डॉ तेजराम साहू, हीरालाल वर्मा, चंदूलाल वर्मा मंचासिन रहे।

मुख्यवक्ता छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि श्री रामोत्सव में शामिल होने के लिए कोई आमंत्रण का इंतजार न करें। स्वस्फूर्त जामगांव आर के भव्य आयोजन में शामिल होकर भव्यता बढ़ाएं, यथासंभव सहभागिता करें। उन्होंने कार्यक्रम से संबंधित सुझाव संयोजक प्रणव शर्मा के पास रखने का भी आग्रह किया। समिति के संयोजक प्रणव शर्मा ने बताया कि 6 अप्रैल गाड़ाडीह चौक से वाहन रैली निकलेगी, जो संतों का स्वागत करते हुए 2 बजे किसान चौक जामगांव आर पहुंचेगी। वहां से बाजे गाजे के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## वार्षिक अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह में वक्ताओं ने दी सलाह

# समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा व संस्कार पर दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

केंवट निषाद समाज कौही किकिरमेटा परिक्षेत्र संगठन ने आगेसरा में वार्षिक अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया। अतिथियों ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और संस्कार पर जोर दिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम को नैय्या पार कराने वाले केंवट समाज की नैय्या पार लगाने शिक्षा और संस्कार को प्रभावी ढंग से अपनाएं।

मंचासीन अतिथि केंवट निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समाज को संगठित रहकर समाज के सर्वांगीण विकास करने की बातें कहीं, उन्होंने राष्ट्रीय मछुआरा समाज अखिल भारतीय समन्वय समिति द्वारा एक मंच में संगठित होकर मछुवारा समाज के हित के लिए किए जा रहे कार्य योजना की जानकारी दी। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग नेहरू निषाद ने निषाद समाज को भगवान राम की नैय्या पार करने वाला समाज बताते हुए अब निषाद समाज संगठित होकर एकता के सूत्र में बंध कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की। निषाद समाज के लोग अब अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए समाज को नई पहचान मिलने पर खुशी जाहिर की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समन्वय समिति प्रदीप केंवट ने निषाद समाज को आज के दौर में शिक्षा और संस्कार के माध्यम से सशक्त समाज एवं संगठित समाज बनाकर समाज के हक अधिकार प्राप्त करने जागरूक रहने की अपील की, साथ ही रामायण काल में निषाद समाज को प्राप्त मान सम्मान को पुनः स्थापित करने निषाद समाज को सरल सहज भाव से राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय समन्वय समिति कोमल देव निषाद ने केंवट समाज को पूर्व में विंध्य प्रदेश द्वारा 1950 में भारत सरकार को भेजे गए अनुशंसा पत्र में मांझी अनुसूचित जनजाति आरक्षण प्राप्त करने हेतु समाज को संगठित होकर जागरूक रहने की अपील की। सभा को जिलाध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद, उपाध्यक्ष बी आर निषाद, तहसील ▶▶| शेष पेज 10 पर

- केंवट निषाद समाज कौही किकिरमेटा परिक्षेत्र संगठन ने आगेसरा में किया आयोजन



**समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान :** इस दौरान अतिथियों द्वारा प्रतिभावान बच्चे भीषम कुमार निषाद एवं विवेक कुमार निषाद को उच्च शिक्षा में, सांवरिया देव निषाद को साहित्य के क्षेत्र मे बॉडीबिल्डिंग में छबिलाल निषाद, 12वींमें योगेंद्र निषाद का सम्मान एवं अन्य विधाओं में समाज को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। संध्या बेला में होली, फाग गीत के धुन में झूमते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मिलन आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप



### सदस्यों ने मंत्री को बताई अस्पताल की समस्याएं

दुर्ग। जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय दुर्ग के कई वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान जीवनदीप समिति के सदस्यों ने अस्पताल की समस्याओं मंत्री का ध्यान आकर्षण कराया गया। इसी तारतम्य में 10 मेडिकल ऑफिसर, 10 वार्ड बॉय, 10 आया एवं ट्रामा सेंटर संचालन की आवश्यकता की जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य विजय ताम्रकार एवं ऋषि यादव द्वारा मंत्री से की गई। जिस पर मंत्री ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य हो कि ट्रामा सेंटर संचालन एवं 10 मेडिकल ऑफिसर की मांग स्वास्थ मंत्री के विगत कई माह पूर्व भी की गई थी।
फोटो कालेज

### प्राध्यापक व शोधार्थी ने दी विनोद शुक्ल को बधाई



दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक एवं शोधार्थी हिन्दी के वरिष्ठ कवि कथाकार उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल से मुलाकात करने शैलेन्द्र नगर रायपुर स्थित उनके आवास पहुंचे। यह भेंट मुलाकात विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिये जाने की घोषणा के पश्चात बधाई के रूप में रहा । विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ. अभिनेष सुराना ने बताया कि श्री शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिये जाने की घोषणा से राजनांदगाँव रायपुर सहित पूरा छत्तीसगढ़ और देश की हिन्दी बिरादरी गौरवान्वित है । पुरस्कार के लिए उनका चयन करने से ज्ञानपीठ स्वयं सम्मानित हुआ है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के प्रतिनिधियों ने शुक्ल को पुष्पगुच्छ, शाल और श्रीफल से ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने की शुभकामना दे कर उनका अभिनन्दन किया। भेंट मुलाकात में विनोद कुमार शुक्ल की धर्मपत्नी अंजना शुक्ल, वरिष्ठ समीक्षक रचनाकार रमेश अनुपम के साथ हिन्दी विभाग की डॉ. रजनीश उमरे, डॉ, सुबोध देवांगन, डॉ. ओमकुमारी देवाँगन, डॉ. रमणी चन्द्राकर, डॉ. लता गोस्वामी, शोधार्थी नीलम, जीतेश्वरी, संग्रामसिंह, कपिल, टेकलाल, निमाई प्रधान, बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, लक्ष्मीन चौहान मौजूद थे।

### शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि

दुर्ग। आल इंडिया यूथ फेडरेशन द्वारा नया बस स्टैंड में शहीद आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को शहादत दिवस पर फेडरेशन द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौके पर रमेश दास, शहर अध्यक्ष शमीम कुरैशी, उपाध्यक्ष कमलेश निर्मलकर, आरिफ अली, आकाश नजफ, अली बबलू, राजेश आदि मौजूद थे।

# ठेकेदारों ने छोड़ा प्यासा, 40 करोड़ के लिए नहीं जोड़ रहे कनेक्शन

## जिले के 385 गांव में से डेढ़ सौ से अधिक गांव में टंकियों से सप्लाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

गांव में टैंकरो के जरिए प्यास बुझाने ग्रामीण मजबूर है। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाले ठेकेदारों ने पाइप लाइन को टंकी के कनेक्शन से ही नही जोड रहे है। जिले में करीब चालीस करोड रूपए का भुगतान अटके होने के कारण ठेकेदारों ने टंकी तक बिछे पाइप लाइन को कनेक्ट नही कर रहे हैं। जिसके कारण गांव में पेयजल के संकट निर्मित हो गए हैं। इस तरह भीषण गर्मी में गांव में हाहाकार की स्थिति निर्मित हैं।

जलजीवन मिशन के तहत कार्य करने वाले ज्यादातर ठेकेदारों ने भुगतान नही मिलने से हाथ खडे कर दिया है। बकायदा जिले के गांव में टंकियां बनने के बाद भी पेयजल की आपूर्ति शुरू नही हो पाई है। पीएचई विभाग के अधिकारी लगातार ठेकेदारों से संपर्क कर रहे है। लेकिन ठेकेदार इस हद तक कठोर हो गए है कि वे पाइपलाइन जोडने को तैयार नही हैं। जानकारी अनुसार जिले में सौ से अधिक ठेकेदार है। जिन्होने जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया हैं। उनके प्रोजेक्ट समाप्त होने के बाद भी भुगतान नही हो रहा है। ऐसे में नाराज ठेकेदारों ने अंतिम कार्य के तहत पाइल ल लाइन जोडने से हाथ खडे कर दिए है।

### बोर के जरिए हो रही सप्लाई

जिले में ठेकेदारों को कार्य के बाद राशि का भुगतान नही होने के कारण वे रूचि नही ले रहे हैं। ऐसे में टंकी से पाइप लाइन जोडने का कार्य ठप हैं। समोदा, नगपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि, टंकी बनाने के बाद सप्लाई शुरू नही की गई हैं। यहां ग्राम पंचायत के पुराने बोरवेल्स से सप्लाई हो रही है। जलजीवन मिशन के तहत अधूरा कार्य कर ठेकेदार गायब हो गए है। इसमें दिक्कत उन ग्रामीणों को आ रही है, जहां उपरी इलाका होने के कारण पानी नही चढ रहा है। उनके द्वारा टंकी से सप्लाई शुरू किए जाने की मांग की जा रही हैं।



### 160 टंकियों का कनेक्शन नहीं जुड़ा

जिले के 385 गांव में मिशन के तहत पेयजल पहुंचाना है। इसमें करीब 201 गांव ऐसे है, जहां पाइप लाइन बिछ गई। लेकिन ठेकेदारो ने टंकी से कनेक्शन नही जोडा हैं। अफसरों का कहना है कि ठेकेदारों की उपस्थिति में ही टंकी का कनेक्शन जोडकर टेस्टिंग कार्य किया जाना हैं। जानकारी अनुसार नगपुरा, महमरा, बोरई जैसे गांव में टंकी तो बन गई। लेकिन यहां पाइप लाइन नही बिछी हैं। इस मामले में पीएचई के ईई उत्कर्ष पांडे का कहना हैं कि, शासन को प्रस्ताव भेजा है। जल्द ही भुगतान होने की संभावना हैं।

## प्रवचन

### श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु

# समोदा में गूंजा नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम समोदा में भगवती प्रसाद देशमुख और उनके समस्त परिवार द्वारा आयोजित पावन श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कथा व्यास आचार्य पं. श्री रामप्रताप शास्त्री जी महाराज (कोविद) ने नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग गया। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद मानो फिर से भवानी वाटिका में जीवंत कर दिया। भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद उजागर किया। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टॉफियां बांटी गयी। कथा प्रसंग में शास्त्री जी ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं।



### भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे हैं भगवान

कथा में शास्त्री जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे हैं। उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती। वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही हैं, साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं। कथा के दौरान श्री शास्त्री जी ने वामन अवतार, समुंद्र मंथन, श्री राम जन्मोत्सव और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भाव पूर्ण वर्णन किया। महाराजश्री ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के साथ सदा हर पल खड़े रहते हैं। वे भक्तों के हाथों से दी प्रेम और भाव के साथ दी गई वास्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रौपदी का पत्र और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया।

### हमेश भक्तों के साथ खड़े रहते हैं भगवान

कथा में श्री शास्त्री जी ने कहा कि भगवान ने काल रुपी मगर से भक्त गजराज की रक्षा की तो द्रौपदी के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आये। यह सारी कथाएं ये प्रमाणित करती हैं कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहनेवाले भगवान भक्तों के साथ अपना स्नेह निभाने खुद आते हैं। ठाकुरजी सिर्फ यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे। ठाकुरजी अपने भक्त से ये भी कहते हैं कि मुझे, वो वस्तु अर्पित कर, जो मैंने तुझे कभी नहीं दी। ठाकुरजी कहते हैं- ऐसी कोई वस्तु जो मैंने तूझे नहीं दी, वह अहंकार है, यह मैंने तूझे नहीं दिया, बल्कि तूने खुद इसे अपने भीतर तैयार किया है।

### भगवान को पाने के लिए समर्पण जरूरी

महाराजजी ने आगे कहा कि भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी हैं। मेरे पास अपना कुछ भी नहीं जो कुछ भी है सो मेरे ठाकुर जी का ही है। गजेंद्र मोक्ष पाठ की महिमा बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि जो भी यह पाठ करता है। उस पर ठाकुरजी की कृपा सदा बनी रहती है। संकट उस पर सपने में भी नहीं आते. माता-पिता के चरण पकड़ लो, किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी. महाराजजी ने कहा कि जीवन में सब कुछ जरूरी है पर एक मर्यादा के अंदर सभी हो तो तभी तक सब ठीक है।

### बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है अहंकार

महाराजजी ने समुंद्र मंथन से जुड़ी कई रोचक कथाएं सुनाईं। उन्होंने कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। ठीक उसी प्रकार जैसे अहंकार से ग्रसित दानवों ने समुद्र मंथन के समय बासुकी नाग के मुख को पकड़ना श्रेयस्कर समझा और भगवान के मोहिनी रूप पर मंत्र मुग्ध हो उठे। भगवान के वामन अवतार को तीन कदम आश्रय स्थली दान में देने के बाद राजा बलि को पाताल लोक की शरण लेनी पड़ी। इसलिए कुछ भी करो, सोच समझ कर करो, जो कुछ भी तोल-मोल कर बोलो। मीठा और मधुर बोलो।

# मुख्तियारनामा बनाकर फौजी के पिता से लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अंजोरा निवासी किसान मयाराम यादव पिता जगत राम यादव उम्र 69 वर्ष से मुख्तियारनामा बनाकर लाखों रूपए की धोखाधडी किए जाने का मामला सामने आया है। पीडित किसान ने अपनी जमीन को धोखे से बेचे जाने पर रोक लगाने आवेदन दिया हैं। वही बोरी थाने में पीडित ने विगत तेरह मार्च को आवेदन दिया है। इसके पहले एसपी जितेन्द्र शुक्ला को आवेदन दिया था। जिस पर उन्होने सीएसपी को जांच के निर्देश दिए थे।

- पुलिस अधीक्षक ने दिए सीएसपी को जांच के निर्देश

आवेदन ने शिकायत में लिखा है कि, 17 जनवरी 2025 को मुख्य रूप से षडयंत्रकारी शंकर चौहान आ. हवासिंह चौहान निवासी कोष्टा पारा तिलई (गोंडगिरी) जिला बेमेतरा जाति चौहान, आधार नंबर- 2788 6693 8307 तथा नं. 01 दमोदा बोरई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. आधार नंबर- 200497197350 तथा बुधारू आ० सोनूराम यादव निवासी-मकान नं. 108 वार्ड नं. 09 दमोदा बोरई आधार नं. 3581 1034 3400 के द्वारा मुझे 17 जनवरी 2025 को धोखागडी कर मेरी भूमि का फर्जी जालसाजी तरीके से मुझे उप पंजीयक कार्यालय, राजनांदगांव ले जाकर फर्जी आम मुख्यारनामा (बिना प्रतिफल के 2 वर्ष के लिये) तैयार करा लिया। जिसकी जानकारी मुझे नहीं दी और ना ही किसी प्रकार के जमीन खरीदी बिकी के संबंध में मुझसे कोई बातचीत सौदा नहीं हुआ था। उपरोक्त तीनों व्यक्तियों के द्वारा मुझे किसी कागज में गवाह के रूप में हस्ताक्षर करना है, करके ले गये थे और जालसाजी पूर्वक आम मुख्यारनामा पर हस्ताक्षर कराकर उप-पंजीयक कार्यालय राजनांदगांव में पंजीकृत रजिस्टर्ड करा लिये जिसकी जानकारी मुझे 12 मार्च 2025 को भूमि का विकय पत्र पंजीयन संलग्न करने पर कार्यालय दुर्ग में प्रस्तुत करने पर पता चला कि मेरे द्वारा विक्रेता लोमस कुमार पटेल को आम मुख्यारनामा उक्त विकय पत्र में विक्रेता लोमस कुमार पटेल तथा क्रेता के रूप में शंकर चौहान दर्ज कराया गया था। जिसकी जानकारी होने पर मेरे द्वारा उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में उपस्थित होकर पंजीयन कार्यवाही को रोकवाया गया।

### खाता खुलवाकर खुद करते रहे लेनदेन

पीडित किसान ने बताया कि, शंकर चौहान द्वारा पूर्व नियोजित साजिश कर मेरे नाम से खाता एक्सीस गंज पारा, दुर्ग एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक स्टेशन रोड दुर्ग में 1 फरवरी 2025 एवं 18 फरवरी 2025 खाता खुलवाया गया तथा उक्त खाते में रकम डालकर खुद निकलवाकर रख लेता था। उनके बेटे प्रेमलाल यादव फौजी है। उन्होने बताया कि, मुख्यिारनामा के जरिए उनके पिता की जमीन को बेचने का प्रयास किया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई हैं।

# शहरवासियों को मिली बिजली सुधार के लिए स्काई लिफ्ट वाहन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग शहर वृत्त को दुर्ग-भिलाई शहर में विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए बहु उपयोगी स्काई लिफ्ट की सौगात मिली है। जिससे दुर्ग-भिलाई शहर के लगभग 2 लाख 71 हजार से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। दुर्ग वृत्त के अधिकारियों द्वारा पिछले दिनों इसकी पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया गया।

- अधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर किया लोकार्पण

उल्लेखनीय है कि लंबे समय से स्काई लिफ्ट की जरूरत थी। इसके अभाव में ऊंचाई पर बिजली तार की मरम्मत करने में परेशानियां होती थी और समय भी अधिक लगता था, जिसके कारण बिजली कर्मचारियों को लोगों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ता था। रायपुर शहर की तर्ज पर यह सुविधा अब विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दुर्ग-भिलाई शहर का प्रदान की गई है।

### ऐसे मिलेगा फायदा

अधिकारियों ने बताया कि शहर में विद्युत व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए



स्काई लिफ्ट वाहन की नितांत आवश्यकता थी। इससे विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित सुधार में यह वाहन लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि इस स्काई लिफ्ट वाहन के आने से विद्युत कर्मचारियों को अधिक ऊंचे पोलों एवं पोलों के मध्य तारों पर कार्य करने में सुविधा होगी एवं कर्मचारी सुरक्षित रुप से कम समय में विद्युत सुधार का कार्य पूरा कर पाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्काई लिफ्ट 360 डिग्री घूम सकता है और 13 मीटर ऊंचाई तक कर्मचारियों को सुरक्षित लिफ्ट करा सकता है। यह वाहन उन्हें दुविधा पूर्ण एवं कठिन स्थानों पर भी कार्य करने में सहयोगी होगा। उन्होंने बताया कि इस वाहन से बिजली तार से सटे पेड़ों की डालियां काटने में भी सहयोग होगा। सुरक्षा के साथ-साथ घंटों का कार्य मिनटों में संपन्न होगा।

# विश्वकर्मा समाज आग से जूझकर फौलाद को भी मनचाहा आकार देने में सक्षम है : तारणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

झरिया लोहार विश्वकर्मा समाज गुंडरदेही द्वारा ग्राम माशूल में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय महासम्मेलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थीं। तारणी ने समाज की महिलाओं से भेंट की। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बालोद ठाकुरराम चंद्राकर, जनपद सदस्य गुलशन साहू सहित पूरे जिलेभर के समाजजन शामिल हुए।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोहार समाज सबसे कर्मठ समाज है, जो आग और लोहे से जूझ कर फौलाद को भी मनचाहा आकार देने में सक्षम हैं। यह स्वाभिमानी और परिश्रमी समाज है। भगवान विश्वकर्मा जी इस जगत के आदि अभियंता हैं, जिनकी इस संसार के सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विश्वकर्मा समाज की





एकजुटता और अखंडता के लिए हम हमेशा प्रयासरत रहेंगे। हम चाहते हैं कि समाज मे लगातार उत्थान हो, जितना भी लोहार समाज के लोग यहाँ निवासरत हैं उनको जोड़ने का प्रयास इस सम्मेलन के माध्यम से सफल होगा। इस दौरान प्रमुख रूप से लौह शिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोचन विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा, समाज के प्रदेश अध्यक्ष धनीराम विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज मारकन्डे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, सरपंच पेमीन साहू, अध्यक्ष झरिया विश्वकर्मा समाज बालोद कोमल विश्वकर्मा, संरक्षक हेमलाल विश्वकर्मा, लीलाधर विश्वकर्मा, व्यासनारायण विश्वकर्मा सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए करें प्रेरित

तारणी ने कहा कि संख्याबल में विश्वकर्मा समाज भले ही कम हो, लेकिन विश्वकर्मा समाज कमजोर नहीं है, बल्कि ये संसार के निर्माण में सबसे ज्यादा योगदान देने वाला समाज है, केवल उन्हें जागृत होने की आवश्यकता है, समाज में उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को प्रेरित करें, शिक्षित युवा समाज को उच्च शिखर तक ले जाने में सहायक होगा।

## महापौर ने पार्षदों के साथ शहर का किया निरीक्षण

# सड़कों व नालियों पर कब्जा नहीं करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज पुराना पुलिस थाना के पीछे हटाए गए अतिक्रमण स्थल का मेयर अलका बाघामर ने निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने नाली और सड़क सीमा पर दुकान सजाकर रखने वालों को व्यवस्थित ढंग से व्यपार करने की बात कही। सभी दुकानदार एक साथ एक लाइन से लगाने के निर्देश दिए।

- अफसरों को दिए व्यवस्था सुधारने के निर्देश

यदि दुकानदार ऐसा नही करते है तो उन पर जुर्माना के साथ कार्रवाही करने हेतु बाजार अधिकारी संजय ठाकुर को निर्देशित किया। उन्होंने दुकानदारों को यातायात व्यवस्था पर सहयोग करने की अपील की, कहा पार्किंग व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए एवं चलन सड़क पर मार्किंग किया जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी से कहा सड़क बाधित अतिक्रमणों को हटावाकर व्यवस्थित ढंग से लगवाने के लिए कहा सड़क सीमा पर अतिक्रमण बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के मौके पर सभापति श्याम शर्मा,राजस्व प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर, सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन, बाजार अधिकारी संजय ठाकुर अलावा जीतेन्द्र सिंह राजपूत मौजूद रहें।



### प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध

मेयर द्वारा दुकानों में प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल बंद करने की हिदायद दी गई। सड़क व नालियों में अतिक्रमण के कारण इससे न केवल यातायात की समस्या उत्पन्न हो रही है, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। नगर निगम ने व्यापारियों को चेतावनी दी है कि, वे सड़कों और नालियों पर कब्जा न करें, ताकि यातायात और स्वच्छता से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा सके।

### मेयर ने किया अफसरों के साथ निरीक्षण

सड़क पर सज रहे अवैध बाजार, नालियों पर व्यापारियों का कब्जा, शहर की सड़कों और नालियों से अवैध कब्जा हटाकर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मेयर ने पटेल चौक से पुराना दुर्ग थाना का निरीक्षण किया। बारिश के दिनों में जलभराव की परेशानी से निपटने के लिए अभी से नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को बाजार को सुव्यवस्थित बनाने के लिए निरिक्षण करते रहने कहा।

## पेज 9 के शेष

### पीएम मोदी का 30 को ...

को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी पर आम जनता के विश्वास एवं जन समर्थन व आम जनता की अपेक्षाओं पर पूर्ण रूप से खरा उतारने के लिए सत्ता को सेवा के रूप में कार्य करने एवं पारदर्शी रूप से जन सेवा का साधन के रूप में कार्य करना है। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव तथा आभार बालोद शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने किया। इस अवसर पर जिले के पूर्व बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष यशवंत जैन, यज्ञ दत्त शर्मा, देवलाल ठाकुर, अभिषेक शुक्ला, ठाकुर राम चंद्राकर, तारिणी साहू, प्रतिभा चौधरी, तोमन साहू, प्रमोद जैन, सरस्वती टेमरिया सहित जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जामगांव आर में 6 अप्रैल ...

साथ भजन मंडली और आकर्षक झांकी युक्त नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। स्थानीय बाजार चौक में संध्या सन्त समागम होगा। 3 से 5 बजे तक व्याख्यान का लाभ भक्त जन ले सकेंगे। कार्यक्रम में रूपनारायण सिन्हा, कबीर पंथ के सन्त रविकर साहेब, निरंजनी अखाड़ा के स्वामी परमात्मानंद, विहंगम योग से योगेश्वरानन्द, विहिम प्रान्त मंत्री घनश्याम चौधरी, बजरंग दल प्रान्त संयोजक ऋषि मिश्रा का व्याख्यान होगा। उसके बाद प्रसादी वितरण होगा। इस अवसर पर कन्हैया लाल साहू, कामता प्रसाद साहू, जिलोखन चंद्राकर, किशोर साहू, हलधर महमल्ला, नरेश केला, मनीष चन्द्राकर, मेघनाथ सगरवंशी, निर्मल चन्द्राकर, पुरणेंद्र सिन्हा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संचालन समिति अध्यक्ष किशोर साहू ने किया।

### जब तक मांग पूरी ...

आंदोलन जारी रहेगा। संघ द्वारा 1 अप्रैल को राजधानी रायपुर में मंत्रालय के घेराव का निर्णय लियागया है। उसके बाद ब्लॉक स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल एवं आमरण अनशन संघ के प्रांतीय निर्देशानुसार किया जाएगा।

### समाज के सर्वांगीण ...

पाटन अध्यक्ष देवकुमार निषाद, संतोषी निषाद, वीरेंद्र निषाद ने भी संबोधित किया। **सामाजिक प्रकरणों का किया गया निराकरण** : वार्षिक आय व्यय की लेखा–जोखा एवं अनुमोदन के बाद सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया गया। स्वागत भाषण परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नारायण निषाद एवं मंच संचालन जोधीराम निषाद एवं सांवरिया देव निषाद ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उदय राम निषाद, सरपंच रमाकांत साहू, जगत राम, तेजराम, झल्लू राम, नेतराम निषाद, संतोष निषाद, सोनप्रकाश, तूका निषाद, अंजू निषाद, लखन निषाद, मोतीराम, सरजू, राम साहू, केशव सोनी, जसवंत साहू, सुशीला साहू, संपत साहू, मुकेश निषाद, ओमप्रकाश निषाद, प्रीतम निषाद, ताकेश्वरी निषाद, देवसीर निषाद, अनुराधा निषाद, तारिणी निषाद, जीतेश्वरी निषाद, जनमत निषाद सहित बड़ी संख्या में निषाद समाज के महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### स्टूडेंट्स के लिए हुआ कैंपस ड्राइव का आयोजन

**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यालय में उद्योग की अग्रणी कंपनी स्क्वायर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक सफल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। यह ड्राइव कस्टमर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव के पद के लिए आयोजित की गई। इस पद के लिए कॉलेज और आसपास के कॉलेजों के लगभग 40 प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया था। देबरोती (वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन, स्क्वायर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड), दीया सिंह और नैन्सी सेवानी रायपुर में कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव के पद के लिए छात्रों के साक्षात्कार आयोजित करके उपयुक्त प्रतिभा की खोज के लिए आईं। भर्ती प्रक्रिया में योग्यता परीक्षण और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद, छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई को उद्योग के लिए तैयार प्रतिभाओं को तैयार करने के लिए एक मजबूत प्रतिष्ठा प्राप्त है, और यह कैंपस अभियान अपने छात्रों को सर्वोत्तम संभव प्लेसमेंट अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। स्क्वायर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड उद्योग में एक अग्रणी खिलाड़ी है, जो अपने अभिनव समाधानों और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है।

### आरईडी में पाली और कर्म शिरोमणी पुरस्कार कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। रोहित कुमार चंद्राकर को पाली शिरोमणी पुरस्कार और धन्नूलाल व डीराजू को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेताओं की पत्नियों को प्रशंसा पत्र मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास द्वारा दिया गया। दास ने कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आशा है कि आगे भी सभी विजेता ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे तथा सुरक्षा को अपने कार्यव्यवहार में शामिल करेंगे। महाप्रबंधक आर.गोपाल कृष्णन, उप महाप्रबंधक सतीश कुमार अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा,मोहम्मद सबीर, मालिनी परगनिहा एवं प्रबंधक फिलोमिना एक्का उपस्थित थे।

### कर्मचारी कामकाज में सरल भाषा का करें उपयोगः निगम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त एवं लेखा विभाग में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार चोखानी थे। श्री निगम ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कामकाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें सामान्य एवं सरलतापूर्वक लिखें व बोले जाने वाले शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। श्री चोखानी ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए हम सभी पूर्णतः संकल्पित हैं। हमें अपने सभी साथियों को इसके लिए प्रेरित करना है। सामूहिक प्रयासों से ही हम सफल हो सकते हैं।

### फेरो स्क्रैप ने दिया सामाजिक संस्थाओं को 6 एंबुलेंस

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड एफएसएनएल (कोनोइके ग्रुप) भिलाई द्वारा बुधवार को प्रदेश के छह प्रसिद्ध सामाजिक और चिकित्सा सेवा संस्थानों तआधा दर्जन एम्बूलेंस वितरित की गईं। एफएनएन भिलाई मुख्यालय में कार्यक्रम कोनाएके ग्रुप के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी तादाहिको कोनाइके के मुख्यातिथ्य और एफएसएनएल के अध्यक्ष एवं निदेशक कुजीवरा तोशिहिरो के विशेषातिथ्य और एफएनएनल के कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार दीक्षित व जीएम पंकज त्यागी की विशेष उपस्थिति में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यह कार्यक्रम स्वर्ण जयंती उद्यान में हुआ।

## परीक्षाएं समाप्त, सप्तगिरि पार्क हुआ गुलजार...







**दल्लीराजहरा।** कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही इन दिनों कई स्कूलों में छोटी कक्षाओं के बच्चों की परीक्षाएं भी समाप्त हो गई हैं। परीक्षाएं समाप्त होने के बाद दल्ली राजहरा का सप्तगिरि पार्क गुलजार होने लगा है। यहां बड़ी संख्या में बच्चे और उनके परिजन पहुंचने लगे हैं। बच्चे विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद ले रहे हैं। बता दें के दल्ली राजहरा में पिछले सप्ताह से प्राइमरी और नर्सरी के बच्चे परीक्षा में व्यस्त थे। परीक्षा समाप्त होते ही अब नन्हे मुन्ने बच्चों के अलावा पालक भी सैर सपाटे के लिए दल्ली राजहरा के स्थानीय सप्तगिरि पार्क में पहुंच रहे हैं। विभिन्न प्रकार के झूलों फिसल पट्टी का लुत्फ उठा रहे हैं साथ ही संगीत का लाभ भी ले रहे हैं। बता दें कि सप्तगिरि पार्क प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली और मनोरंजक झूलों के कारण बच्चों और परिवारों के बीच खासा लोकप्रिय है। गर्मी के दिनों में लोग यहां आकर राहत महसूस करते हैं और बच्चों को खेलने-कूदने का मौका मिलता है।

### आवास प्लस की प्रतीक्षा सूची में शामिल करने बढ़ाई गई सर्वेक्षण की तिथि, पहले 31 मार्च थी

# छूटे हुए परिवारों को भी मिलेगा पीएम आवास का लाभ, अब 30 अप्रैल तक करवा सकते हैं सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन 'आवास पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित की गई थी। लेकिन अब उसकी तिथि में वृद्धि करते हुए अब यह सर्वेक्षण कार्य 30 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत अब छूटे हुए पात्र परिवारों को भी योजना का लाभ मिलेगा। आवास प्लस की प्रतिक्षा सूची में शामिल ऐसे लोगों को फिर से सर्वे कर योजना में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में यह सर्वेक्षण 31 मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना था, जिसकी अवधि में वृद्धि करते हुए अब यह सर्वेक्षण कार्य 30 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। उक्त सर्वेक्षण हेतु ग्राम पचांयत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र को प्रगणक नियुक्त किया गया है, जो आवास प्लस ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कर रहे हैं। किसी भी पात्र परिवार का नाम यदि छूट जाता है तो वह संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र से संपर्क कर अपना सर्वेक्षण करा सकते हैं।



### भाठागांव आर में नहर से नया तालाब में पानी भराई कार्य का किया अवलोकन

- गुंडरदेही विकासखंड में जल जतन अभियान के कार्यों का लिया जायजा

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड में जल जतन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम भाठागांव बी में नहर–नाली से नया तालाब में पानी भराई के कार्य का अवलोकन किया। जिससे कि ग्रामीणों के निस्तारी एवं मवेशियों के पीने के लिए समुचित मात्र में पानी की प्रबंध सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत ग्राम भाठागांव बी में किए जा रहे जल जतन अभियान के इस बेहतर कार्य की सराहना की। मौके पर उपस्थित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के परियोजना अधिकारी ने बताया कि जल जतन अभियान के अंतर्गत पूर्व में ग्राम भाठागांव बी के एक और तालाब में पानी भरा गया है। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने ग्राम भाठागांव बी के सेमरिया नाला में पहुँचकर वहाँ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के अंतर्गत निर्मित किए गए चेक डेम का भी अवलोकन किया। श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के परियोजना अधिकारी एवं ग्रामीणों से इस चेक डेम में पानी के ठहराव तथा सिंचाई एवं अन्य कार्यों के लिए ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधा के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि सेमरिया नाला की कुल लंबाई 10 से 12 कि.मी. है। उन्होंने बताया कि दिसंबर माह तक इस चेक डेम में पानी उपलब्ध रहता है। जिसका उपयोग आसपास के किसान सिंचाई एवं आवश्यक कार्यों के लिए करते हैं। इसके अलावा इस चेक डेम के माध्यम से मवेशियों के पीने के लिए भी पानी उपलब्ध हो जाता है।

### सर्वेक्षण के लिए कोई शुल्क मांगे, तो तत्काल शिकायत करें

सर्वे पूरी तरह निःशुल्क है तथा इसमें किसी भी प्रकार के शुल्क का कोई प्रावधान नहीं है, यदि कोई सर्वेक्षण हेतु शुल्क की मांग करता है तो इसकी तत्काल शिकायत करें। कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल ने सभी छुटे हुए पात्र परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए। इस महती योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित लाभार्थी अपने ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र से जरूर संपर्क करें।

### पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास प्लस सूची में किया जाएगा शामिल

उल्लेखनीय है कि प्रधाननमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत नवीन पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उनका सर्वेक्षण कार्य आवास प्लस मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत जिले में विभिन्न कारणों से छूटे हुए पात्र परिवारों को स्वयं का पक्का आशियाना प्रदान करने के लिए शासन के निर्देशानुसार सर्वेक्षण कार्य जारी है। सर्वेक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें आवास प्लस सूची में शामिल किया जाना है। यह सर्वेक्षण आवास प्लस 2024 मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जा रहा है, यह ऐप संभावित पात्र परिवारो का विवरण एकत्रित करता है, जिसमें वर्तमान आवास की जियोटैग्ड तस्वीर एवं आवास निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थान शामिल है।

## कलेक्टर ने खेत में उन्नत कृषक टांक से ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल गुरुवार को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कसौंदा में प्रगतिशील कृषक जयेश टांक के खेतों में पहुँचकर शाक-सब्जी के उत्पादन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रगतिशील कृषक जयेश टांक द्वारा आधुनिक तरीके से किए जा रहे खेती–किसानी के कार्य की सराहना की।

- गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कसौंदा में प्रगतिशील कृषक जयेश से की भेंट

किसान जयेश टांक ने बताया कि यहाँ पर उनके पास कुल 60 एकड़ कृषि भूमि उपलब्ध है। जिसमें से वे कुल 56 एकड़ भूमि पर ही खेती–किसानी का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे इस कृषि भूमि को रायपुर एग्रीकल्चर फर्म एंड कंपनी से लीज पर लिए हैं। किसान जयेश टांक ने बताया कि वर्तमान में वे लौकी, करेला, टमाटर, लहसुन, प्याज, तरबूज–खरबूज, बाजरा, गेहुँ आदि फसल का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने उत्पादित फसलों की बिक्री नेपाल के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पं. बंगाल आदि प्रदेशों में भी करते हैं। किसान जयेश टांक ने बताया कि वे फसल उत्पादन कार्य के अलावा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने का भी कार्य करते हैं। पिछले वर्ष उन्हें उद्यानिकी विभाग के एनएचएम मल्चिंग योजना के अंतर्गत 32 हजार रूपये की सब्सिडी एवं टमाटर क्षेत्र विस्तार योजना के अंतर्गत 40 हजार रूपये की सब्सिडी प्रदान की गई है। इसके अलावा वे ड्रिप एरिगेशन एवं मल्चिंग से धान, अरहर, गेहूं, लहसुन, प्याज की सफल खेती भी कर चुके हैं। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने किसान के खेत में लहसुन, चना, टमाटर आदि फसलों का भी अवलोकन किया। श्री चन्द्रवाल ने अत्याधुनिक तरीके से समन्वित ड्रिप पद्धति के माध्यम से फसलों के सिंचाई कार्य का भी अवलोकन किया। किसान जयेश टांक ने बताया कि उनके द्वारा प्रतिदिन आसपास के गांवों के 130 लोगों को प्रतिदिन रोजगार भी उलपब्ध कराया जा रहा है।

## शासन की योजनाओं का निर्धारित समयावधि में करें पूर्ण क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्‍न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन कराने के निर्देश दिए।

- साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

बैठक में श्री चन्द्रवाल ने रबी गिरदावरी कार्य के प्रगति की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को अनुविभागवार इसके प्रगति के संबंध में जानकारी ली। श्री चन्द्रवाल ने जिला खाद्य अधिकारी से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य के दुकानों के संचालन के लिए जिलों को प्रदत्त कार्यशील पूँजी पर पर्याप्त नियंत्रण एवं एजेंसियों को वितरण राशि के वापसी के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिले के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2024 के अंतिम चरण के क्षेत्र मूल्यांकन से पूर्व नवीन टूलकिट के अनुरूप निकायों में तैयारियों के कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के अंतिम छोर में स्थित वन संसाधन आदर्श ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु विभिन्‍न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में श्री चन्द्रवाल ने जिले में जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा करते हुए इस कार्य में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी के लिए अभियान चलाने को कहा। श्री चन्द्रवाल ने जिले में संचालित छात्रावास, आश्रमों की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने ग्रीष्मकाल को देखते हुए छात्रावास, आश्रमों में निवासरत बच्चों के दैनिक उपयोग एवं पेयजल की समुचित मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

### भैंसबोड़ विद्यालय के त्रयंबकेश्वर व डिंपल का नवोदय में हुआ चयन



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला भैंसबोड़ के छात्र त्रयंबकेश्वर कोलियारे एवं छात्र डिंपल भेड़िया का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। चयनित बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख एसआर बंजारे, संकुल प्राचार्य आरएस रायपुरिया, संकुल समन्वयक पीआर पाटिल, शिक्षक एसआर निषाद, एसके चौरके, बी.खरे, के.कुंजाम, सरपंच चित्रकांत ठाकुर एवं शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

### मंत्रियों की ढकी तस्वीरों से हटा पर्दा




**डौंडीलोहारा।** चुनाव आचार संहिता लगने के कारण नगर के कृषि उपज उप मंडी के स्वागत द्वार पर मंत्रियों के तस्वीरों को ढका गया था, लेकिन आचार संहिता हटने के बाद भी तस्वीरों से कपड़ा नहीं हटाया गया था। इस संबंध में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशन कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। उसका असर देखने को मिला। खबर प्रकाशन के बाद मंत्रियों की तस्वीर से कपड़ा हटाया गया।

## रबी सीजन के लिए 33,411 किसानों ने लिया 98 करोड़ 67 लाख रुपए का ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में रबी सीजन में खाद, बीज और अन्य रासायनिक दवाओं के लिए 33,411 किसानों ने 98 करोड़ 67 लाख रुपए ऋण लिया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष किसानों ने ज्यादा ऋण लिया है। रबी सीजन में ऋण वितरण का लक्ष्य 70 करोड़ के आस पास रखा गया था, हालाकि इस वर्ष भी लक्ष्य से ज्यादा ही ऋण लिया गया है। रबी सीजन में ऋण लेने के लिए किसानों को 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक का समय दिया गया है। ऋण वितरण की अंतिम तिथि समाप्त होने के लिए 3 दिन ही शेष रह गया है। राज्य शासन द्वारा स्वीकृत ब्याज राहत योजना अंतर्गत समितियों के माध्यम से बैंक द्वारा कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्प अवधि के लिए ऋण दिया जाता है। किसान यदि समय पर ऋण का भुगतान नहीं करते हैं, तो शासन से ब्याज अनुदान की पात्रता नहीं रहती है, और ऐसे किसानों से शून्य प्रतिशत ब्याज दर के स्थान पर निर्धारित ब्याज के साथ दंड ब्याज भी वसूल किया जाता है। किसान एक वर्ष में जो उपज प्राप्त करता है उसमें से कुछ भाग घरेलू आवश्यकता के लिए रखा जाता है और अतिरिक्त उत्पादन को विक्रय कर वह अपनी अन्य आवश्यकताओं की पूणत और कर्ज भुगतान के लिए करता है।




### खरीफ की ऋण राशि का मार्च में भुगतान नहीं किया तो देना होगा जुर्माना

खरीफ सीजन के बजाय रबी सीजन में कम संख्या में किसान ऋण लेते हैं। सहकारी खरीफ सीजन में 114337 किसानों ने 439 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। उसमें से अब तक 414 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है। लगभग 25 करोड़ रुपए किसानों से ऋण वसूली होना शेष है। मार्च महीने में वसूली का अंतिम तिथि हो जाएगा। जिसके बाद ऋण का भुगतान न करने वाले किसानों को जिला बैंक नोटिस देने के बाद भी ऋण का भुगतान नहीं करने पर बैंक के द्वारा जुर्माना वसूल किया जाएगा।

**खरीफ सीजन के लिए एक अप्रैल से प्रारंभ होगा ऋण वितरण :** खरीफ सीजन के लिए ऋण वितरण का कार्य एक अप्रैल से प्रारंभ होगा। खरीफ सीजन के लिए वर्तमान में कोई लक्ष्य नहीं आया है। खरीफ सीजन के ऋण वितरण में तेजी मई और जून माह में आती है। 30 सितंबर तक ऋण का वितरण किया जाता है। ग्रीष्मकालीन धान, गन्ना और साग सब्जी उत्पादन के लिए भी ऋण प्रदान किया जाता है। जिसे 15 माह के भीतर में भुगतान करना होता है। किसान विभिन्न फसलों के लिए ऋण लेते हैं। किसान खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं के लिए ऋण लेते हैं। धान खरीदी के दौरान लिंकिंग के माध्यम से भुगतान करते हैं। जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी ने बताया कि 33,411 किसानों या सदस्यों ने रबी फसल के लिए ऋण लिया है। रबी सीजन में अल्पावधि ऋणों की भुगतान तिथि जून माह तक निर्धारित है।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

## अपने जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान के लिए एक घंटा अवश्य निकालें : सरिता दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वावधान में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सदस्य एवं समस्त सरपंचों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा एवं जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू सहित सरपंच एवं जनपद जिला पंचायत सदस्यों का आगमन हुआ। सभी को संबोधित करते हुए बीके सरिता दीदी ने आध्यात्मिकता का रहस्य समझते हुए कहा कि आध्यात्म आज प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की आवश्यकता है। अध्यात्म को अपने जीवन में जोड़ने से अच्छे कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होती है, इसलिए सभी कार्य करते हुए अपने जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान के लिए एक घंटा समय अवश्य निकालना चाहिए। जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने कहा कि आज यहां आकर जो ज्ञान प्राप्ति हुआ है वह हमारा सौभाग्य है। हम सब बहुत अच्छे विचारों के साथ काम करेंगे और यह ज्ञान धारण करके जीवन को श्रेष्ठ बनाएंगे। जनपद उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा ने कहा की सोच अच्छा है तो आसमान छूना मुश्किल नहलृ है ,अच्छा सोचें ,अच्छा खाएं ,अच्छा रहे तो सब अच्छा होगा और यह अच्छी सोच हमें यहां आने से प्राप्त हुई है। जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू ने कहा कि यहां आने पर हमें जो सकारात्मक ऊर्जा मिली है वह हमारे पूरे कार्यकाल तक साथ रहेगी, और हम जनता की उम्मीदो पर खरे उतरेंगे।





### अच्छे मार्ग का चुनाव करें

जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा कि निश्चित ही ब्रह्माकुमारीज परिवार में यहां पर मिलने वाली सकारात्मक ऊर्जा से हमें सदैव सफलता के नए आयाम रचने की प्रेरणा प्राप्त होती है। ब्रह्माकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि प्रत्येक स्थान पर हमें अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के रास्ते मिलते हैं, जहां हमें सोचना होता है कि किस मार्ग का चुनाव करना है, जब हम अच्छे मार्ग का चुनाव करते हैं तो हमारे अधीनस्थ सभी सदस्य, परिवार, समाज एवं गांव हमारा अनुसरण करते हैं। आध्यात्मिक ज्ञान हमें सदैव अच्छे मार्ग का चुनाव करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है।

## सफाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं रेंगाडबरी की स्वच्छाग्रही महिलाएं



**डौंडीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में स्वच्छाग्रही नारी जागरण समूह की महिलाओं द्वारा चौराहों, गली मोहल्लों एवं बस स्टैंड बाजार चौक में प्रत्येक रविवार एवं गुरुवार को स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए ई रिक्शा ले जाकर जगह-जगह का कचरा उठाकर कचरा शेड में इकट्ठा किया जाता है। स्वच्छाग्रही नारी जागरण समूह की महिला ललिता साहू अध्यक्ष, ललिता सोनी उपाध्यक्ष महेश्वरी भूआर्य लेखापाल, देवकी तारम कोषाध्यक्ष, तारा देवी निर्मलकर, पेमिन बाई, निर्मला बाई चुरेन्द्र, मानकी बाई सोनी, रुखमणी बाई, अमेरिका राणा, अनूपा सोनी द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### मोखा में खुला प्याऊघर

**गुरुर।** ग्राम गुण्डरापारा मोखा में आदर्श नवयुवक मंडल के तत्वावधान में गांव के सार्वजनिक स्थल पर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। जहां शीतल जल से गर्मी के दिनों में राहगीरों की प्यास बुझेगी। टीकम सिन्हा ने कहा कि जल ही जीवन है। जल है तो कल है। प्यासे को पानी पिलाना परोपकार का कार्य है। संघ के सदस्यों ने सराहनीय कार्य किया है। गर्मी के दिनों में प्याऊ घर संचालित होने से राहगीरों की प्यास बुझेगी।

### न्याय सिद्ध जय अर्चना समिति मोंहदीपाठ के अध्यक्ष बने नरसिंह



**बालोद/निकुम।** न्याय सिद्ध जय अर्चना समिति मोंहदीपाठ में पदाधिकारियों का चुनाव हुआ, जिसमें नरसिंह देवांगन फिर अध्यक्ष चुने गए। वहीं, उपाध्यक्ष पवन देवांगन, सचिव खेम साहू, सहसचिव धन्नू साहू, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र ठाकुर निर्वाचित हुए। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम बाबा मोंहदीपाठ में पूजा-अर्चना कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरसिंह देवांगन ने कहा कि नीम व सेमर की छांव में विराजित बाबा मोंहदीपाठ सबकी मनोकामना पूरी करते हैं। उन्होंने कहा कि सब मिलकर इस मंदिर का सर्वांगीण विकास करने का संकल्प लें। इस अवसर पर भावसिंह देवांगन, पूर्व अध्यक्ष मोंहदीपाठ समिति प्रेमांचद देवांगन, उषा साहू, लोमन देशमुख, नीलकंठ साहू, घनाराम साहू, तेजप्रकाश साहू श्याम सुंदर साहू सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### बासिन में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती



**जामगांव आर।** ग्राम बासिन में कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। समारोह के मुख्य अतिथि जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सोसायटी बटरेल के प्राधिकृत अधिकारी कमलेश साहू थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि भारत धर्म संस्कार प्रधान देश है। यह ऋषि, मुनि, तपस्वियों, साधकों का देश है। भक्त माता कर्मा ने भक्ति की साधना से भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि अच्छा बनना है तो अच्छे लोगों की संगत करनी चाहिए। हम बड़े सौभाग्यशाली हैं कि माता कर्मा हमारी आराध्य देवी हैं। उनका अनुशरण करें, तो निश्चित ही जीवन संवर जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय साहू समाज के सदस्य उपस्थित रहे। माता कर्मा की पूजा अर्चना किए, अंत में प्रसाद ग्रहण किए।

# शिक्षा, व्यवसाय तथा किसान क्रेडिट कार्ड जैसे प्रकरण प्राथमिकता से स्वीकृत करें

## कलेक्टर चंद्रवाल ने बैंक अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी बैंकों से जिले के आम नागरिकों एवं सभी जरूरतमंद लोगों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने को कहा है।

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिले के बैंकर्स को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने जिले के सभी बैंकर्स को जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा लोन के अलावा छोटे व्यवसायियों तथा किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड के प्राप्त प्रकरणों को विशेष प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से ऋण प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। इसके अलावा बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सौरभ जैन एवं भारतीय रिजर्व बैंक के समन्वयक सुधीर सहाड़े सहित विभिन्न बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।



### प्रकरणों के स्वीकृत नहीं होने पर उसका वाजिब कारण अवश्य बताएं

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बैंकवार प्राप्त एवं स्वीकृत प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता के साथ बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दिलाने एवं प्रकरणों के स्वीकृत नहीं होने पर उनका वाजिब कारण भी बताने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्टैण्डअप इंडिया, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के साथ अंत्यावसायी, अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत प्राप्त एवं स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की।

**आयोजन :** माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद, हुए विविध कार्यक्रम

# साहू समाज ने धूमधाम से मनाई माता कर्मा की जयंती, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर में साहू समाज के लोगों द्वारा संत माता कर्मा की 1009 जयंती श्रद्धा व उत्साह पूर्वक मनाई गई। सुबह पूजा-अर्चना व आरती के साथ कर्मा जयंती का शुभारंभ हुआ। जगह-जगह प्रसादी वितरण किया गया। लोग सुबह से साहू समाज भवन में स्थित भक्त मां कर्मा की पूजा करने पहुंचने लगे। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। शोभायात्रा में समाज के लोग भक्त माता कर्मा के गीतों पर झूमते नजर आए। वहीं आयोजन में अतिथियों ने सामाजिक एकता पर बल दिया। समस्त झरिया साहू समाज ग्राम हीरापुर द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती में सुबह 11 बजे ध्वजारोहण कर माता कर्मा की पूजा आरती की गई। उसके बाद अतिथि सम्मान एवं उद्बोधन हुआ।

कार्यक्रम में कर्मा जयंती को संबोधित करते हुए साहू समाज अध्यक्ष पनाराम साहू ने कहा कि साहू समाज की कुलदेवी मां कर्मा ने अपने समाज के लिए जो त्याग किया है, उसे समाज कभी भी नहीं भूल पाएगा। वहीं समाज के सचिव कुंजलाल साहू ने कहा कि समाज के लिए मां कर्मा ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था।, ग्रामीण उमेश कुमार साहू, हेमंत साहू, हरिराम साहू, पूर्व उपसरपंच हेमराज साहू देवेंद्र साहू, पूरनलाल साहू, रामचंद साहू, पूर्व साहू समाज अध्यक्ष शत्रुघन साहू,, गणेशराम साहू, जितेंद्र साहू, हेमंत साहू, जगदीश साहू, दुर्वासा साहू, रतन साहू ने भी समाज को संबोधित किया। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए ग्राम बादल का झांकी युक्त जसगीत का आयोजन किया गया।





**प्रतिभावान विद्यार्थियों व बुजुर्गों का किया गया सम्मान**

भक्तमाता कर्मा जयंती के अवसर पर गांव के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वहीं, गांव के वरिष्ठ नागरिकों को श्रीफल भेंटकर व बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

### भेड़िया नवागांव में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती

**बालोद।** ग्राम भेड़िया नवागांव में भक्तमाता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले समाज की महिलाओं ने कलशयात्रा निकाली उसके बाद पूजा-अर्चना की गई। ग्राम प्रमुखों ने मां कर्मा के योगदान को बताया और समाज को जागरूक करने की बात कही। इस अवसर पर भूपेंद्र सर्वा, बिशेषर साहू, सुभाष साहू, संदीप साहू, मेघराज साहू, अशोक साहू, छोटू साहू, तेजराम साहू, देवलाल साहू, सहित अन्य महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।



# समाज के उत्थान के लिए सभी बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं



- मोहारा में आयोजित आदिवासी गोंडवाना समाज के वार्षिक सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

ग्राम मोहारा में एकदिवसीय परिक्षेत्रीय वार्षिक सम्मेलन आदिवासी गोंडवाना समाज परिक्षेत्रीय अरमरीकला के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद प्रेमलाल कुंजन थे, अध्यक्षता आदिवासी गोंड़ समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष अरमरीकला लीलार सिंह नागवंशी ने की।

विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा रायपुर उमेदी राम गंगरले, विशेष अतिथि महासचिव कृष्ण कुमार ठाकुर, सदस्य जिला पंचायत लक्ष्मी अशोक साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर डॉक्टर हरीकृष्ण गंजीर, सरपंच तेशवरी चंद्रहास नेताम, भूषण लाल साहू, अध्यक्ष बहुर सिंह धनकर, पूर्व अध्यक्ष रामजी कुंजम, एचके कुंजम, गुरवेंद्र कतलम, शैलेंद्र सोरी, अगराहिज राम नागवंशी थे। सर्वप्रथम बाजा गाजा के साथ आदिवासी माताओं ने भव्य कलशयात्रा निकाली। उसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रेमलाल कुंजाम ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में हम पीछे नहीं रहेंगे। चाहे वह सामाजिक क्षेत्र हो, राजनीतिक क्षेत्र हो या धार्मिक क्षेत्र हो, सभी में सबको भाग लेना है और समाज को संगठित रखना है। सभी अतिथियों ने समाज के उत्थान के लिए आदिवासी बच्चों को उच्च शिक्षा देने की बात कही। इस अवसर पर संरक्षक महेंद्र गंगराले, दुर्गा ठाकुर, लिलार सिंह नागवंशी, ज्ञान सिंह कतलाम, सेवंत नेताम, ईश्वर लाल नागवंशी, राघवेंद्र कोर्राम एवं समस्त पदाधिकारी गण आदिवासी गोंडवाना समाज परिक्षेत्रीय अरमरीकला उपस्थित थे।

# भाटागांव बी पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

ग्राम पंचायत भाटागांव बी में 27 मार्च को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जल जतन अभियान अंतर्गत किये गये कार्य एवं प्रस्तावित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम में पूर्व में रवाही तालाब से बम्राही खार तक 2 कि.मी तक पूर्ण किये गये कार्य कच्ची नाली निमार्ण कार्य जो मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण किया गया है। यह कच्ची नाली को सिकोसा माईनर, सिंचाई विभाग के नहर से जोड़कर ग्राम में रवाही तालाब, नया बांध तालाब को भरने एवं खार में सिंचाई हेतु उपयोग गया जा रहा है। कच्ची नाली निर्माण करने से पानी का बहाव तेज हुआ है एवं पानी को फैलने से बचाया गया है।

कलेक्टर ने सेमरिया नाला में बने स्टापडेम सह रपटा निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरम्मत कर सुधार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम राजस्व, सीईओ जनपद पंचायत, एसडीओ आरईएस, पीओ मनरेगा, बीसी पीएमएवाई, तकनीकी सहायक, सरपंच भाटागांव बी, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 30 को वृहदस्तर पर मनाया जाएगा गृह प्रवेश उत्सव



- तैयारियों को लेकर जिपं सीईओ ने अधिकारियों को दिए दिशानिर्दिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नैजे ने जिला पचांयत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत चल रहे निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में सीईओ डॉ. कन्नैजे ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों को आवास प्लस सर्वे 2024 अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 30 मार्च को वृहद स्तर पर गृह प्रवेश उत्सव आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024–25 के समस्त निर्माणाधीन आवासों का स्तरवार एवं ग्राम पंचायतवार एक विशेष कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समयावधि में 90 मानव दिवस की राशि प्रदान करने उपरांत उक्त आवासों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रथम किशत अंतरण पश्चात अप्रारंभ 986 आवासों के लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र आवास निर्माण प्रारंभ कर निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु संबंधितों को निर्देश दिए। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के द्वितीय फेस में आबंटित अतिरिक्त लक्ष्य 8952 के विरूद्ध में यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर 30 मार्च तक स्वीकृति एवं प्रथम किश्त की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए।

# निशुल्क मॉडल टेस्ट परीक्षा 6 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला, विकास खण्ड डौंडीलोहारा में पदस्थ शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क माडल टेस्ट परीक्षा का आयोजन 6 अप्रैल को किया गया है।

मुख्य चयन परीक्षा 20 अप्रैल को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में निर्धारित परीक्षा केंद्रों में ली जाएगी। सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट के आधार पर चयन किया जाएगा। श्री धनकर ने बताया कि मॉडल टेस्ट का उद्देश्य बच्चों को मुख्य परीक्षा के प्रश्नों के स्तर के अनुरूप तैयार करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थी मुख्य परीक्षा में ओएमआर शीट भरते समय कुछ गलतियां कर देते हैं, जिसे ध्यान में रखकर आफलाइन माडल पेपर का आयोजन लगातार दूसरे वर्ष भी जारी है। उन्होंने बताया कि इस आफलाइन माडल पेपर में कोई भी विद्यार्थी जो 8वीं में अध्ययनरत व परीक्षा हेतु पात्र है, वह मिडिल स्कूल चिल्हाटीकला के शिक्षक नीलकंठ धनकर से संपर्क कर निर्धारित तिथि के पहले रजिस्ट्रेशन करा सकते है। इस परीक्षा के लिए प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र, शिक्षिका जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।





### बच्चे कर रहे हैं पौधे लगाने जंगल बचाने की अपील

**बालोद।** बच्चों ने कहा पौधे लगाओ, जंगल बचेगा, वन्यप्राणियों का संरक्षण होगा। बच्चे जानवरों का मुखौटा लगाकर लोगों से निवेदन कर रहे हैं कि बारिश के पूर्व बेल, करंज, कुसुम, बेहरा, हर्रा, नीम, इमली, के बीज आस पास के जंगलों में डाले। इसके साथ ही लोगों से वनों में आग नहीं लगाने की अपील कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों में मिलेगा प्रवेश

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 30 मार्च 2025 को महागृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल एक सरकारी योजना की सफलता का प्रतीक होगा, बल्कि हजारों ग्रामीण परिवारों के सपनों के घर में प्रवेश करने का ऐतिहासिक दिन भी साबित होगा। इस दिन, हिंदू नववर्ष और चैत्र प्रतिपदा (नवरात्रि) के शुभ अवसर पर हजारों ग्रामीण परिवार अपने नवनिर्मित आवासों में प्रवेश करेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के समाजकार्य के छात्र-छात्राओं ने किया आयोजन**

# ग्राम बोड़ेना के लोगों को टीबी के कारण लक्षण और बचाव की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग समाज कार्य के छात्र-छात्राओं ने क्षेत्रीय कार्य के दौरान नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के तत्वावधान में टीबी दिवस और सुपोषण चौपाल ग्राम बोडेना में आयोजित किया गया। कार्यकम की मुख्यअतिथि सरपंच प्रेमी बाई ठाकुर व सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह साहू ने पूजाअर्चना कर कार्यकम की शुरुआत की।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से आरएचओडीएन ठाकुर एवं स्टॉप नर्स त्रिवेणी रावते ने टीबी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीबी लगातार दो सप्ताह से अधिक दिनों तक खांसने से हो सकता है एवं एक टीबी मरीज पूरे अपने जीवनकाल 10 से 12 लोगों को संक्रमित कर सकता है। लोगों का वजन कम होना, अधिक पसीना आना ये टीबी के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी का इलाज किसी भी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क होता है। कार्यक्रम के दौरान सुपोषण चौपाल के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीरा और प्रीति ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेडी टू ईट पाउडर गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के लिए बहुत ही लाभ दायक है। साथ ही कहा कि गर्भवती महिलाओं को सोयाबीन की बड़ी, केला एवं हरी साग सब्जी खाना चाहिए। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं के लिए गोदभराई का कार्यकम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर मनीष, लेमन, शुभांक, मुकेश, विनय साहू, श्यामसुंदर, डामन, रामसिंह, चंद्रशेखर, नीरा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411